हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon
And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**


छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. विष्णुदेव साय जी के प्रथम धमतरी
आगमन पर हार्दिक स्वागत... अभिनंदन
मान. विष्णुदेव साय जी
श्री प्रकाश बैस
चैतन्य गिरी
हनीफ खान
प्रदीप छाजेड़
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, जिला धमतरी (छ.ग.)


मा.नरेन्द्र मोदी जी
मा.जे.पी. नड्डा
मा.अरूण साव
मा.विजय शर्मा
मा.रामविचार नेताम
मा.केदार कश्यप
मा.महेश गागड़ा
मा.किरण देव
मा.भरत वर्मा
मा.रामू रोहरा
मा.अजय चंद्राकर
मा.इंदर चोपड़ा
मा.रंजना साहू
मा.प्रकाश बैस
मा.दयाराम साहू
मा. ओ.पी. चौधरी वित्त मंत्री,
मा. टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री धमतरी जिला
एवं मा.रूपकुमारी चौधरी महासमुंद लोकसभा सांसद का
धमतरी आगमन पर
शत्-शत् अभिनंदन
मा. ओ.पी. चौधरी
मा. टंकराम वर्मा
मा. रूपकुमारी चौधरी
छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
का प्रथम नगर आगमन पर... शत्-शत् अभिनंदन
हेमराज सोनी
महेन्द्र पंडित
महावीर चोपड़ा
चेतन हिन्दुजा
कपिल चौहान
भागवत यादव
दीपक देवांगन
दिलीप बड़जात्या
दिलीप पटेल
घनश्याम साहू
गोविंद ढिल्लो
हेमन्त बंजारे
कृष्णा हिरवानी
कुलेश सोनी
नन्दू लोधी
राजेश साहू
राजकुमार फूटान
राजू सोनकर
सुभाष चंद्राकर
यशवंत गजेंद्र
योगेश साहू
विनीत - एक शुभचिंतक धमतरी

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024



14 सात नदियों के जल से हुआ शिवाजी महाराज का अभिषेक





14 सोसायटियों में खाद, बीज का अग्रिम भंडारण







Pragati College
Central Avenue, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
Ph. : +91-771-2255911/22, Fax : +91-771-2255933
ADMISSIONS OPEN
STRONG CAREERS RISE FROM A STRONG INSTITUTION
Commerce > B.Com, M.Com. 9294603003
Computers > B.C.A., B.Sc. (C.S.), P.G.D.C.A. 9294603013
Communication > B.A.(J.M.C.), P.G.D.J. 9294603033
Education > D.El.Ed., B.Ed., M.Ed. 9294603025
Management > B.B.A. 9294603003
info@pragaticollege.com www.pragaticollege.com


फेल होने वाले छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका, श्रेणी सुधार की भी सुविधा

# एजुकेशन सिस्टम में बदलाव साल में दो बार होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अब साल में दो बार बोर्ड परीक्षा होगी। यह परीक्षा सभी छात्र दिला सकेंगे। जो पूरक आते हैं, वे दो बार परीक्षा दिलाते आ रहे हैं। अब फेल हुए छात्र भी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। जो छात्र पास होंगे, वे भी श्रेणी सुधार के लिए परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे।

नया शिक्षण सत्र 25 जून से शुरु हो रहा है। इस बार स्कूलों में पढ़ाई और परीक्षा पैटर्न में कई बदलाव किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक शिक्षण सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्ताव भेजा था। राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके अनुसार अब हर शिक्षण सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली परीक्षा मार्च माह में होगी। इसके बाद दूसरी परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी। इस प्रकार छात्रों को तैयारी में तीन माह का समय मिलेगा।



### छात्रों को होगा लाभ

परीक्षा के इस पैटर्न से छात्रों को लाभ होगा। अब तक यह होता आया है कि परीक्षा दिलाने के बाद छात्र गर्मी की छुट्टी में व्यस्त हो जाते थे। दो बार परीक्षा आयोजित करने का लाभ यह होगा कि जो छात्र पढ़ाई करना चाहते हैं, वे इस परीक्षा की तैयारी में जुट जाएंगे। वहीं जो छात्र फेल हो चुके होंगे, उन्हें भी दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। पास होने पर वे अगली कक्षा में प्रमोट होंगे।

### फिर से भरना होगा फार्म

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहली परीक्षा में पंजीकृत छात्र ही दूसरी परीक्षा के लिए पात्र होंगे। जो छात्र पहली परीक्षा में पंजीकृत हैं और परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाए हैं वे भी दूसरी परीक्षा से सम्मिलित हो सकेंगे। श्रेणी सुधार के लिए छात्र एक-दो या सभी विषय की परीक्षा दिला सकेंगे।

### ओपन परीक्षा में तीन बार मौका

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा में छात्रों को तीन बार मौका दिया जाएगा। इसके अनुसार राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई और हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा साल में तीन बार आयोजित होगी। प्रथम परीक्षा अप्रैल माह में, द्वितीय अगस्त और तृतीय परीक्षा नवंबर माह में आयोजित होगी।

### पांचवीं-आठवीं की परीक्षा की चल रही प्लानिंग

पिछले कई साल से पांचवीं और आठवीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जा रही है। छात्रों को सीधे अगली कक्षा में प्रमोट किया जा रहा है। शिक्षा स्तर पर इसका बुरा प्रभाव भी सामने आया है। स्थिति को देखते हुए फिर से कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा आयोजित करने की प्लानिंग चल रही है, परंतु अब तक इस पर कोई ठोस विचार नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त हर माह टेस्ट परीक्षा लेने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे समय पर कोर्स कंपलीट करना आसान हो जाएगा।


# जिले में मानसून ने दी दस्तक, पांच दिनों तक झमाझम बारिश के आसार

## अधिकतम तापमान 34 डिग्री से नीचे आया, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हफ्ते भर से मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे जिलेवासियों को मौसम विभाग ने खुशखबरी दी है। गुरूवार दोपहर को मानसून ने धमतरी जिले में प्रवेश कर लिया है। प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक तीव्र गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। ज्ञात हो कि मानसून आने से पूर्व 1 से 20 जून तक जिले में 31 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

लालपुर रायपुर स्थित मौसम विज्ञान विभाग के विज्ञानी गायत्री वाणी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून का नक्शा पोस्ट कर कहा है कि दोपहर को छग के धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, गरियाबंद के कुछ हिस्सों में मानसून आगे बढ़ गया है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सूचना जारी कर कहा है कि प्रदेश में आगामी 5




दिनों तक तीव्र गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। धमतरी के भखारा, कुरूद, नगरी तहसील के अलावा दक्षिण छग के अनेक स्थानों में बारिश हुई है। पूर्वी बिहार तथा आसपास के क्षेत्र में एक चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। मानसून की दस्तक के साथ जिले के अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री की गिरावट आ गई है। गुरूवार को धमतरी का अधिकतम तापमान 34 डिग्री से नीचे पर आ गया है। शहर में गुरूवार की शाम हल्की बारिश हुई।

### प्री-मानूसन बारिश में भखारा टॉप पर

1 जून से लेकर 20 जून तक जिले में 31 मिलीमीटर वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। इस दौरान सबसे अधिक वर्षा भखारा तहसील में हुई है। भखारा में 56.9 मिमी, नगरी में 45.1 मिमी, बेलरगांव में 41.7 मिमी, मगरलोड में 30.6 मिमी, कुरूद में 26.7 मिमी, धमतरी में 9 मिमी तथा कुकरेल तहसील में सबसे कम 7 मिमी बारिश हुई है। बुधवार सुबह 8 बजे से गुरूवार सुबह 8 बजे तक कुरूद में 15 मिमी, नगरी में 11.7 मिमी, मगरलोड में 10 मिमी, भखारा में 10.1 मिमी, कुकरेल में 2 मिमी, धमतरी में 1.4 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि बेलरगांव में वर्षा का रिकार्ड निरंक रहा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज जिले के प्रवास पर

**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 21 जून को धमतरी जिले के प्रवास पर रहेंगे।



वे रायपुर से हेलीकाफ्टर के जरिए रवाना होकर मुजगहन स्थित हेलीपेड पहुंचेंगे। इसके बाद वे कार द्वारा मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल धमतरी में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान वे सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण, मेधावी छात्रों को चेक वितरण करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सतनामी समाज की आमसभा 23 को

**धमतरी।** सतनामी समाज जिला धमतरी की त्रैमासिक आमसभा 23 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से गुरू बालकदास भवन जोधापुर में रखी गई है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि बैठक में आय-व्यय, सामाजिक बायलाज, सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। श्री देशलहरे ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### चिंवरी में आज कबीर स्मृति महोत्सव

**धमतरी।** ग्राम चिंवरी में कबीर साहेब की 626 वीं जयंती पर कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया है। आश्रम प्रबंधक संत बलवान साहेब ने बताया कि इस आयोजन में रविकर साहेब अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कबीर संत संगठन, सदगुरु कबीर विश्व शांति मिशन, संत घनश्याम साहेब कबीर आश्रम मंदरौद, संत समेंद्र साहेब नवापारा शामिल होंगे। सदगुरु कबीर साहेब की जयंती सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन से होगा। उसके पश्चात बीजक पाठ, भजन सत्संग, कबीर वाणी होगी। सदगुरु कबीर विश्व शांति मिशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संत संगठन के सहयोग से प्राप्त 5 लाख की राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन भी किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 तक

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण के लिए 25 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि सिक्युरिटी सुपरवाईजर प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास ऐसे पुरूष जिनकी न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट 6 इंच हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह फील्ड टेक्निशियन एण्ड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल, रिटेल सेल्स एसोसिएट के लिए 12 वीं पास, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के लिए 10 वीं पास तथा प्लंबर जनरल प्रशिक्षण के लिए 5वीं पास आवेदक आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा किया जा सकता है।

# जुआ खेलते शिक्षक समेत सात गिरफ्तार

- भोथीडीह के शीतला तालाबपार में पुलिस ने की कार्रवाई

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम भोथीडीह में जुआ खेलने की सूचना लगातार मिल रही थी। 19 जून को मगरलोड पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम भोथीडीह के शीतला तालाबपार में जुआ खेलते एक शिक्षक समेत 7 जुआरियों छन्नू कुमार पिता शिवचरण कंवर 49 वर्ष, चुम्मन केंवट पिता चरण केंवट 44 वर्ष, डोमन सिन्हा पिता रामलाल सिन्हा 33 वर्ष, घनश्याम कंवर पिता जेठमल कंवर 44 वर्ष, चुम्मन साहू पिता पलक साहू 28 वर्ष, जीवराखन साहू पिता रामदयाल साहू 48 वर्ष, जागेद्र साहू पिता तीजू राम साहू 28 वर्ष को पकड़ा। इनके कब्जे से 1520 रूपये व ताशपत्ती जब्त की गई। जुआरियों के खिलाफ 3



(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में टीआई राजेश जगत, प्रधान आरक्षक विरेंद्र चंद्राकर, आरक्षक विमल पटेल, कीर्तन सोनकर, गोविंदा घृतलहरे शामिल रहे।

# खनिज विभाग ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को 8-10 गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। इन गाड़ियों को कलेक्टोरेट में रखा गया है। बताया गया है कि 20 दिन बाद ही इन गाड़ियों को छोड़ा जाएगा।

लगातार शिकायतों के चलते खनिज विभाग एक्शन मोड़ पर आकर काम कर रहा है। गुरुवार को



ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। पहले तो अधिकारियों की टीम कोलियारी की ओर निरीक्षण में गई थी। इसके बाद कुरूद की ओर टीम चली गई। 10 बजे के आसपास पूरी टीम एकत्रित हुई। फिर आमदी रोड की ओर निकल गई। इस दौरान 8-10 हाइवा वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसमें गिट्टी और रेत वाले वाहन शामिल हैं।

# करंट से युवक की मौत के मामले में दो पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- बिरगुड़ी में हुई थी घटना

ग्राम बिरगुड़ी में सीढ़ी हटाने के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत होने के मामले में जांच पश्चात सिहावा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगुड़ी निवासी राजेन्द्र पुजारी व राजेन्द्र कुंजाम को पंचायत द्वारा गांव की गली लाइन के विद्युत पोल पर लाइट लगाने का प्रस्ताव मिला था जिसके तहत दोनों व्यक्ति बिना किसी अनुमति के बिजली पोल में लाइट लगाने के दौरान सीढ़ी हटाने के लिये गांव के रिखम नाग पिता रथलाल उम्र 40 वर्ष को ले गये थे। राजेन्द्र पुजारी पोल में लाइट लगाने एल्युमिनियम की सीढ़ी के सहारे चढ़ा था। सीढ़ी को रिखम




पकड़ा हुआ था। राजेन्द्र के उतरने के बाद युवक सीढ़ी को हटा रहा था। हटाते समय एल्युमिनियम की सीढ़ी ऊपर से गुजरे 1100 केवी विद्युत तार से टकरा गई। इस घटना में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मर्ग जांच में पाया गया कि राजेन्द्र पुजारी व राजेन्द्र कुंजाम द्वारा कार्य में कुशल नहीं होने वाले व्यक्ति को जोखिमपूर्ण कार्य में लगाने तथा सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने एवं उपेक्षापूर्ण कार्य कराया जाना पाया गया। सिहावा पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र पुजारी व राजेन्द्र कुंजाम के खिलाफ धारा 304 ए, 34 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

# बेस्ट परफार्मेंस वाले नर्सिंग होम पुरस्कृत

- सीएमएचओ कार्यालय में अस्पतालों में होने वाले सुरक्षित गर्भपात की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नर्सिंग होम एक्ट के तहत सुरक्षित गर्भपात कराने वाले शहर के तीन नर्सिंग होम को पुरस्कृत किया गया है।

सीएमएचओ कार्यालय में गुरूवार को पीसीपीएनडीटी अंतर्गत जिला सलाहकार समिति, सोनोग्राफी संचालक एवं एमटीपी एक्ट की बैठक रखी गई। इस दौरान नर्सिंग होम एक्ट के तहत अस्पतालों में होने वाले सुरक्षित गर्भपात की समीक्षा की गई। एमटीपी एक्ट 1994 व पीसीपीएनडीटी एकट 1971 के तहत बेस्ट परफार्मेंस वाले अस्पताल व नर्सिंग होम को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सीटी हास्पिटल धमतरी, गुप्ता हास्पिटल, ओजस्वी नर्सिंग होम को सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। बेस्ट कार्यक्रम के लिये सीएमएचओ डॉ.





मंडल, डॉ. हीरा महावर, डॉ. प्रिया कंवर व नोडल अधिकारी एके साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। एमटीपी एक्ट की प्रत्येक समीक्षा बैठक में बेस्ट परफार्मेंस वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया जायेगा। यह समीक्षा बैठक प्रत्येक तीन माह में एक बार होती है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एमटीपी एक्ट में लापरवाही बरतने वाले नर्सिंग होम का लायसेंस रद्द किया जायेगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# तालाब में घायल मिले युवक की मौत, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम अटंग के तालाब में गंभीर रूप से घायल पड़े मिले युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने शराब कोचिया पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम अटंग के साहूपारा निवासी परसराम ध्रुव पिता शोभितराम उम्र 39 वर्ष गुरूवार की सुबह ग्राम पंचायत के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वाले ने तालाब किनारे युवक पर उसकी शराब की चोरी कर सेवन कर लेने का आरोप लगाते हुये हाथ व लाठी से मारपीट की। युवक पहले से नशे में था। मारपीट करने के बाद शराब कोचिया ने युवक के चेहरे व मुंह में शराब डाल दी। युवक चेहरे में डाली गई शराब को धोने के लिये तालाब में उतर गया। उतरते समय युवक लड़खड़ाकर सीने व पेट के बल

### अटंग की घटना



गिर गया। तालाब में उतरने के बाद युवक दोबारा खड़ा नहीं हो सका। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने युवक को तालाब में पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। तालाब में पहुंचने पर युवक की सांस चलती देख संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। युवक की गंभीर हालत को देख उसे रिफर कर दिया गया। युवक की मसीही अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई की है। मृतक के चचरे भाई घनश्याम ध्रुव ने शराब कोचिया पर हत्या कर आरोप लगाते हुये आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव-गांव से उठ रही है अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

# डूब प्रभावितों की आरक्षित जमीन पर गैरों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद गांव-गांव से अतिक्रमण हटाने की मांग उठ रही है। डूब प्रभावितों के लिए आरक्षित जमीन भी अतिक्रमण का शिकार हो गई है। डूब प्रभावितों के अलावा डोमा, बोदाछापर के ग्रामीणों ने भी कलेक्टर से कब्जा हटाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत सलोनी तहसील कुकरेल के डुबान प्रभावित उमेंदराम, कन्हैयालाल, रमेश्वर, उमाबाई, रमेश ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि वे डूब प्रभावित लोग हैं। 30 वर्षों से कृषि के लिए आरक्षित जमीन पर वे काबिज हैं लेकिन गांव के कुछ गैर डूब प्रभावित अपना कब्जा बताकर कई जगहों पर अवैध उत्खनन करा रहे हैं। अवैध उत्खनन से आरक्षित जमीन कृषि कार्य के लिए उपयोगी नहीं रह गई है वहीं कई स्थानों पर इतनी गहराई से मुरूम की खुदाई की गई है कि उक्त खाई में गंभीर हादसा हो सकता है। खनन पर आपत्ति



करने पर दल बल के साथ वे लोग आते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। डुबान प्रभावितों ने आरक्षित जमीन की जांच कर पट्टा दिलाने की मांग की है ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। डूब प्रभावितों ने कहा है कि आरक्षित जमीन पर अतिक्रमण को लेकर 3 से 4 बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अबकी बार उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे परिवार सहित कलेक्टर कार्यालय में धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

### नींव खुदाई से शासकीय भवनों में दरार

मामला ग्राम पंचायत डोमा का है। ग्रामीण मेघसिंग साहू, देवचरण, पूर्णानंद साहू, सेवाराम आदि ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा है कि डोमा में शासकीय जमीन पर पुराना ग्राम पंचायत भवन, खाद गोदाम, कांजी हाउस है। इससे पीछे शासकीय जमीन पर मिट्टी की खुदाई कर फेंसिंग तार और जाली लगाकर उसे अपनी कृषि भूमि में शामिल कर लिया है। भवन के नजदीक नींव की खुदाई से भवन, गोदाम में दरारें आ गई हैं वहीं बारिश में इसके धराशायी होने की संभावना है। ग्रामीणों तथा पंचायत ने निरीक्षण कर नींव में मिट्टी डालने एवं अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन न नींव में मिट्टी डाली गई और न ही अतिक्रमण हटाया गया है। डोमावासियों ने कलेक्टर से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।



### श्मशान भी अतिक्रमण के दायरे में

धमतरी ब्लाक के ग्राम बोदाछापर का श्मशान भी अवैध कब्जा का शिकार बन रहा है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष भीखम साहू, राधेकृष्ण, सुनील, रूपचंद साहू, द्रोण साहू, हीरालाल ने बताया कि गांव में मरघट के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा जमाने की कुछ लोगों की नजर है। अभी मरघट की जमीन पर एक कमरे का अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। अगर यह कब्जा नहीं हटाया गया तो कई और लोग अतिक्रमण करेंगे। ग्राम समिति ने अवैध कब्जा हटाकर मरघट की जमीन को सुरक्षित रखने की मांग कलेक्टर से की है।

### लिमतरा में आज कबीर प्राकट्य समारोह

**धमतरी।** सद्गुरु कबीर आश्रम लिमतरा में कबीर साहेब के 626 वे प्राकट्य दिवस के अवसर पर सत्संग, भजन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न आश्रमों से संतों का आगमन होगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। यह कार्यक्रम हजुर अर्धनाम साहेब आचार्य कबीर पंथ सदगुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा काशी के मार्गदर्शन में होगा।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

### बोड़रा स में आज मनेगी कबीर साहेब की जयंती

**धमतरी।** कबीर साहेब की 626वीं जयंती ग्राम बोड़रा स में 21 जून को प्रातः 10 बजे से मनाई जायेगी। कार्यक्रम में भजन, सत्संग, प्रवचन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में संत कबीर आश्रम करहीभदर से संत देवेंद्र साहेब, संत दिनेंद्र साहेब एवं कबीर आश्रम सेनचुवा से संत विजय साहेब पहुंचेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में कबीर सत्संग समिति के अध्यक्ष हंसराज साहू, कोषाध्यक्ष खड़े राम साहू, सचिव धनंजय, सदस्यगण थानसिंह, उत्तम, रोहित, हरिओम, दीपक, चंपालाल, रामनारायण, प्रहलाद, एस कुमार, ललित जुटे हैं। यह जानकारी पूर्व जनपद सदस्य हंसराज साहू ने दी है।

### बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रारंभ

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में बीए, बी.एस.सी. (गणित एवं बायो), बी.कॉम प्रथम वर्ष एवं एम.ए प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र में प्रवेश प्रारंभ है। इच्छुक आवेदक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पार्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून है। 26 जून को प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची जारी की जायेगी और प्रवेश की अंतिम तिथि 8 जुलाई होगी। इसके पश्चात द्वितीय चरण में प्रवेश की सूची जारी होगी जिसमें प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 18 जुलाई होगी। तृतीय चरण में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई होगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवागंन ने दी है।

### तहसील साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन 23 को

**मगरलोड।** तहसील साहू समाज मगरलोड का वार्षिक सम्मेलन 23 जून रविवार को पाहंदा में रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसके बाद रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू होंगे। अध्यक्षता धमतरी विधायक ओंकार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लालाराम साहू, जिला साहू समाज उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, जिला साहू संघ महामंत्री यशवंत साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांता साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, कुरूद तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, भखारा तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष रोहित साहू होंगे।

### निधन : धनंजय शर्मा



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा निवासी धनंजय शर्मा 49 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे जगदीश्वर प्रसाद शर्मा व ओमप्रकाश शर्मा के भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जय शिवाजी, जय भवानी के नारों से गूंजा शहर, राज्याभिषेक महोत्सव समिति ने आयोजित किया कार्यक्रम

# सात नदियों के जल से हुआ शिवाजी महाराज का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






हिंदवी स्वराज संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस महोत्सव शहर में गुरुवार को राज्याभिषेक महोत्सव समिति द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की इस कड़ी में सुबह 8 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर में अभिषेक, पूजा-आरती हुई। इसके बाद 10 बजे छत्रपति शिवाजी रत्नाबांधा चौक स्थित शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा का भव्य अभिषेक दूध-दही, पंचामृत व सात नदियों के जल से मंत्रोच्चार कर किया गया। इस अवसर पर सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं ने एक साथ दीप प्रज्वलन किया। वहां मौजूद वक्ताओं ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महराज का राज्याभिषेक उस काल में हुआ था जब हिंदू समाज विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था। कोई हिंदू राजा नहीं बन सकता था। 500 वर्षों के बाद इस राज्याभिषेक से हिंदुओं में जागरण हुआ और हिंदू समाज शिवाजी महराज के नेतृत्व में संगठित हुआ। इसलिए इस दिन को हिंदू साम्राज्य दिवस कहा जाता है। आज भी हिंदू समाज पर बहुत से आघात किए जा रहे हैं। भय और आतंक का माहौल बनाया जा रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। इस राज्याभिषेक का उद्देश्य है कि सभी हिंदू समाज संगठित होकर समाज की सभी कुरीतियों को दूर करें।

इस अवसर पर दीपक लोंढ़े, विश्वजीत कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, गौरव मगर, संगीता जगताप, निन्नी रणसिंह, ऋतुराज पवार, आशीष थिटे, सतीश जाधव, निलेश राजा, नीता रणसिंह, भावना रणसिंह, जीआर रणसिंह, दुष्यंत घोरपड़े, नीलू पवार, कैलाशराव भोसले, बंटी गायकवाड़, सुशांत पवार के अलावा डा.केएस शांडिल्य, रामचंद्र देवांगन, अविनाश दुबे, नामदेव राय, राकेश साहू, सुभाष यादव, रौनित सहारे, विजय ठाकुर, चंद्रकला पटेल सहित सर्वसमाज के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शरीर को फिट रखने बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी कर रहे योग



- जिले के सभी आरोग्य मंदिर और योगा वेलनेस सेंटर में चल रहा योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन जिले के आरोग्य मंदिरों और योगा वेलनेस सेंटर में पांच दिवसीय योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गुरूदयाल साहू ने बताया कि इन शिविरों में महिला, पुरूष, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं तथा प्रशिक्षकों द्वारा बताए जा रहे विभिन्न आसनों को गंभीरतापूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से योग पद्धति के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रोग जैसे मधुमेह, ऑर्थाराईटिस, साईटिका आदि में योग के प्रयोग को रेखांकित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वनांचल दुगली में संस्था प्रभारी डॉ. आशीष साहू और योग प्रशिक्षिका कुमारी मनेश्वरी मरकाम द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग आसन कराए जा रहे हैं। इनमें पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन, सिद्धासन शामिल है। वहीं खरेंगा में तिजेश कुमार, भखारा में श्रीमती अंजलि साहू, आमदी में पेमेश्वरी साहू द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। कलेक्टोरेट के पीछे स्थित आयुष पॉलीक्लिनिक में डॉ.रेवती नेताम एवं योग सहायक रूचि साहू द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है।

## सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने किया प्रभारी मंत्री टंकराम का स्वागत

**ग्रुप के सदस्यों ने प्रभारी मंत्री को लोकसभा चुनाव में किए गए कार्यों से कराया अवगत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



सांकरा में आयोजित दो दिवसीय विकलांग समाधान निदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का बजरंग चौक नगरी में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, आदिवासी युवा नेता सुरेश नेताम के नेतृत्व में सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के नवप्रवेशी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वगत किया। सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने प्रभारी मंत्री को जानकारी दी कि ग्रुप के मार्गदर्शक महेश उराव एवं संयोजक व संगठन प्रमुख गोपी कश्यप के नेतृत्व में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में लगभग 2000 लोगों को भाजपा प्रवेश कराया गया था और भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में बेहतर काम करते हुए सिहावा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने में एक अहम भूमिका सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने अदा की है। जिला प्रभारी मंत्री ने ग्रुप द्वारा लोकसभा चुनाव में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी बेहतर कार्य करने का आह्वान किया।

मौके पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत विकल गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री कमल डागा, अध्यक्ष जपं नगरी दिनेश्वरी नेताम, जिला अध्यक्ष भाजपा अजजा प्रकोष्ठ जिला महेन्द्र नेताम, उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी अजय नाहटा, जनपद सभापति मन्नू यादव, पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा, ह्रदय साहू, सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश नेताम, उपाध्यक्ष घनश्याम नेताम, उपाध्यक्ष प्रेम नारायण सिन्हा, कोषाध्यक्ष कुलदीप साहू, सचिव जालम सिंह पटेल, व्यवस्था प्रभारी जितेंद्र मंडावी, मीडिया प्रभारी लोकेश मरकाम, दीपेश मानिकपुरी, महिला विंग प्रमुख चमेली साहू, लेखनी साहू, लता साहू, कलेन्द्री मंडावी, जागृति उईके सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

- जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम हरदिहा साहू समाज भवन में होगा
- कलेक्टर नम्रता गांधी ने अधिकारियों को सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को किया जा रहा है। स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में आयोजित जिलास्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह 6.30 बजे सामूहिक योगाभ्यास के लिए उपस्थित होने कहा है।

कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। इसके तहत उपसंचालक समाज कल्याण को कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था एवं समन्वय, आयुक्त, नगरनिगम को पानी टैंकर, चलित शौचालय एवं कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सा टीम की व्यवस्था, जिला आयुर्वेद अधिकारी को काढ़ा की व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी को मंच संचालन एवं कार्यक्रम स्थल के आसपास के सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल में निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने सहायक अभियंता विद्युत और योग प्रदर्शन के लिए 8 स्वयं सेवक की उपस्थिति कराने का दायित्व सभी निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र को कलेक्टर ने सौंपा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास अपनाने तथा योग दिवस पर सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित जिलेवासियों से योगाभ्यास में शामिल होने की अपील की है।

## सिर्री में अनियमितताओं को लेकर हुई शिकायत, जांच में पहुंचे अधिकारी

- पूर्व में प्रस्तावित गौठान की भूमि में अतिक्रमण का मामला न्यायालय में लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत सिर्री के आवेदक लेखराम सिन्हा ने गांव में हुई अनियमितता को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कुरूद और मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुरूद को आवेदन पेश कर शिकायत की थी। इसकी जांच में 20 जून को जांच अधिकारी डीएस नेताम डीईओ और झलेंद्र कुमार कंवर करारोपण अधिकारी ग्राम पंचायत भवन पहुंचे थे। आवेदक ने रोजगार गारंटी कार्य में फर्जी अनियमितता, बिना प्रस्ताव के कंडरा समाज भवन में बाउंड्रीवॉल का कार्य, डंगसागर तालाब से मुरूम मटेरियल का परिवहन शिवशंकर साहू के ब्यारा में किया गया। उस राशि का हिसाब, पूर्व प्रस्तावित गौठान में सरपंच द्वारा अतिक्रमण, विगत वर्ष ढीमरातालाब लीज के प्रस्ताव को क्रियान्वित नहीं करना जैसे अनेक बिंदुओं को लेकर शिकायत की गई थी। इस प्रकारण की जांच करते हुए अधिकारी डीएस नेताम और झलेंद्र कंवर ने बताया कि रोजगार गारंटी मामले में जो भी धांधली हुई थी, उसकी रिकवरी राशि रोजगार सहायिका एवं मेटों द्वारा जमा की जा चुकी है। कंडरा समाज भवन में बाउंड्रीवॉल के कार्य का विधिवत प्रस्ताव हुआ है। डंगसागर तालाब से मुरूम मटेरियल शिवशंकर साहू के ब्यारा में परिवहन किया गया। उस राशि की जांच की जा रही है। पूर्व प्रस्तावित गौठान में सरपंच द्वारा अतिक्रमण की शिकायत में अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्व का मामला है और न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत मामला तहसील में लंबित हैं। जसबीर सिंह गुरुदत्ता पिता स्व. जसवंत सिंह गुरुदत्ता द्वारा सन 2017, 18, 19 में ग्राम पंचायत की मुरूम रायल्टी की राशि लगभग 42 हजार रुपए अभी तक पंचायत में जमा नहीं करने की आवेदक द्वारा शिकायत की गई जिस पर जसबीर सिंह गुरुदत्ता ने पैसे जमा कर देने की बात कही है। लेकिन इस मामले पर अधिकारियों ने पूर्व सरपंच एवं पूर्व सचिव से जांच कर सही जानकारी देने की बात कही। ग्राम पंचायत की कीमती घास भूमि लगभग 1 एकड़ डंगसागर तालाब के सामने जसबीर सिंह गुरुदत्ता द्वारा अतिक्रमण की शिकायत पर अधिकारियों ने जांच करने के बाद ही बता पाने को बात कही है।

पंचायत भवन में जांच के दौरान सरपंच अमरजीत सिंह गुरुदत्ता, सचिव रेखराम साहू, लेखराम सिन्हा, पवन सिन्हा पंच, रोजगार सहायिका सरस्वती ध्रुव, जसबीर सिंह पंच, लिनेंद्र देवांगन, विकास श्रीवास, ऑपरेटर राधेरमण, महेश उपस्थित थे।

## सोसाइटियों में खाद-बीज का अग्रिम भंडारण

- 54 फीसदी किसानों ने लिया है ऋण, अन्य को बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




पिछले सत्र के मुकाबले इस वर्ष ऋण वितरण का लक्ष्य करीब सवा करोड़ से अधिक रखा गया है जिसमें से अब तक 54 फीसदी टारगेट पूरा हो चुका है। अब सभी की निगाहें आसमान की ओर लगी हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा कुरुद के तहत आने वाली 9 सोसाइटियों में इस बार खरीफ सीजन के लिए खाद बीज का अग्रिम भंडारण किया गया है।

शाखा प्रबंधक टीके बैस से मिली जानकारी के मुताबिक 18 जून तक कुरुद सहकारी समिति में पंजीकृत 389 किसानों को नकद, खाद, बीज, दवा के रूप में 127.35 करोड़ रूपए ऋण वितरण किया जा चुका है। कुहकुहा सोसाइटी के 495 किसानों ने 226.38 करोड़, गाड़ाडीह में 721 सदस्यों ने 308.70 करोड़, मंदरौद के 378 किसानों ने 158.38 करोड़ का लोन लिया है। इसी प्रकार भाठागांव में 592 किसानों को 251.97 करोड़, बगौद में 470 लोगों को 238.83 करोड़, चर्रा में 442 किसानों को 282.19 करोड़, कातलबोड़ में 338 किसानों को 170.07 करोड़, सिवनीकला सोसाइटी में 731 सदस्य को 292.20 करोड़ का ऋण वितरण किया जा चुका है। बैंक प्रबंधक श्री बैस ने बताया कि गत वर्ष 1925.93 करोड़ के विरुद्ध इस वर्ष 2056.07 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है जिसमें नकद राशि, खाद, बीज और कीटनाशक दवाईयां शामिल हैं। अब तक 4756 किसानों को 1660.70 करोड़ रुपए नकद एवं 395.37 करोड़ रुपए की सामग्री ऋण के रूप में वितरित की गई है। उन्होंने माना कि पानी नहीं गिरने से किसान अभी उस अनुपात में खाद बीज नहीं उठा रहे हैं, फिर भी हमने अब तक 54 फीसदी टारगेट पूरा कर लिया है। बरसात होने पर इसमें तेजी आएगी।

सहकारी समिति प्रबंधक टीआर बांसकार, लेखराम साहू, लीलेश्वर सेन, लीनेश्वर बैस, नन्दूराम साहू, ओमप्रकाश साहू, शिवनंदन बैस, रमेश देवांगन, गुरुनारायण पाठक ने बताया कि उनकी प्रभार वाली सोसाइटी में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज-दवा उपलब्ध है। किसानों के ऋण वितरण मामले का निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

## आज जिले के 102 अमृत सरोवरों में होगा योग



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिले के 102 अमृत सरोवर स्थलों पर योग होगा। यह आयोजन स्वास्थ्य, कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अमृत सरोवर स्थलों पर स्थानीय समुदाय, आमजन, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं हितग्राहियों के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान संबंधित क्रिया शामिल होगी। इसके साथ ही योग के लाभों और स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने के महत्व पर संगोष्ठी भी होगी। इन गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए पंचायत स्तर पर निगरानी एवं पर्यवेक्षण कराये जाएंगे। अमृत सरोवर स्थलों पर आयोजित योग दिवस से संबंधित गतिविधियों का प्रतिवेदन भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित किया जायेगा। आमजन-हितग्राहियों की भागीदारी की संख्या और स्थलों में की गई गतिविधियों के विवरण के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के वीडियो एवं फोटोग्राफ शामिल करते हुए अमृत सरोवर पोर्टल में अपलोड किए जाएंगे।




Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भोथामगांव - 95754-57523, आंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201